प्रकाशनार्थ

रोटरी क्लब गोरखपुर मिडटाउन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन

गोरखपुर, 3 जुलाई 2025 रोटरी क्लब गोरखपुर मिडटाउन के सदस्यों द्वारा आज गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड सेंटर में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस पुनीत अवसर पर क्लब के सदस्यों सहित शहर के अन्य नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की।

शिविर का उद्धाटन रोटरी क्लब के अध्यक्ष श्रीमती अल्पना जैन एवं सचिव श्रीमती शिखा जैन द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस दौरान क्लब के सदस्यों ने सामाजिक दायित्व को निभाते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया। कुल 21 यूनिट रक्त एकत्र किया गया, जिससे ज़रूरतमंद मरीजों की सहायता होगी तथा थैलीसिमिया के रोगियों को यह ब्लड उपलब्ध कराया जायेगा।

इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष ने कहा, रक्तदान एक महान कार्य है, जिससे कई ज़िंदगियों को बचाया जा सकता है। हमारा उद्देश्य समाज में इस तरह की सेवा भावनाओं को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील भी की।

ब्लड सेंटर के प्रभारी डॉक्टर अवधेश अग्रवाल, ने रोटरी क्लब के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से ब्लड बैंक को नई ऊर्जा मिलती है और मरीजों की जान बचाने में सहायता मिलती है। रोटरी क्लब गोरखपुर मिडटाउन द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के सामाजिक कार्यों का आयोजन किया जाता रहा है, और भविष्य में भी ऐसे और आयोजन करने की अपेक्षा की जाती है।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रेसिडेन्ट रोटेरियन अल्पना जैन, सेक्रेटरी रोटेरियन शिखा जैन टेªजरी रोटेरियन सुधीर जैन, प्रोग्राम चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल, सुनील गुप्ता, अमोनिष अग्रवाल, जगदम्बा जैसवाल, डॉ. पराग अग्रवाल, डॉ. विशाल अग्रवाल, डॉ. शालिनी अग्रवाल, अंश अग्रवाल, सुनील वैद्य के साथ मीडिया

प्रभारी आनन्द जैन, अजय अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, प्रसून अग्रवाल, रौनक गोयल आादि रोटेरियन उपस्थित थे।